Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 05-06-2022 | अंक 246

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# पर्यावरण के संतुलन एवं संरक्षण के लिए नियमित पौधारोपण जरूरी : पीके गर्ग

## रियाडा प्रक्षेत्र में संचालित फैक्ट्रीयों सहित सात स्थानों पर लगाये गए 600 पौधे, 1000 का है लक्ष्य



रियाडा प्रक्षेत्र में पौधे लगते पीके गर्ग एवं अपेम की टीम



पौधारोपण करते राजीव अग्रवाल



लसकरी में पौधारोपण करते हुए



पौधारोपण करते हुए सोनू पंडित (लसकरी)



पौधारोपण करते एपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति



पौधारोपण करते अपेम मुख्य सलाहकार डॉ अनिल कुमार एवं पवन गर्ग



पौधारोपण करती एकल की दीदीयां



पौधारोपण करती हुई न्यू रेलवे क लोनी की महिलाएं



गोविंदपुर में पौधारोपण करते हुए



पौधारोपण करते मो कुद्दुस एवं संतोष चंद्रवंशी (लसकरी)



पौधारोपण करते आकाश रंजन एवं अनन्या कुशवाहा (कोरियाडीह)



पौधारोपण करती दिव्या कुमारी



बख्तियार अंसारी (छोटकी बरही)

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

सामाजिक सह पत्रकार संगठन अपेम ट्रस्ट की पहल पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लश्करी एनपीएस परिसर, रियाडा प्रक्षेत्र, न्यू रेलवे कॉलोनी , आरएनवाईएम कॉलेज एवं स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में पौधारोपण किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से लश्करी में 60, रियाडा प्रक्षेत्र के राधा गोपाल इस्पात फैक्टरी में 250, जेएसवी इस्पात फैक्टरी में 150, डिवाइन इस्पात फैक्टरी में 100 , रामनारायण मेमोरियल कॉलेज में 15, स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में 10 एवं न्यू रेलवे क०लोनी में 05 पौधे लगाए गए। पौधा की व्यवस्था फैक्टरी संचालकों के साथ साथ समाजसेवी इंद्रदेव ठाकुर ने भी किया। लश्करी में पौधरोपण अपेम ट्रस्ट चीफ एडवाईजर डॉ अनिल कुमार, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, अपेम से जुड़े पप्पू केशरी, ग्रामीण मो कुदुस, भिखलाल प्रजापति, संतोष कुमार आदि के द्वारा किया गया। वहीं रियाडा प्रक्षेत्र में राधा गोपाल फैक्टरी के संचालक पीके गर्ग, जेएसवी फैक. टरी के प्रोपराइटर राजीव अग्रवाल, बिकास छाबड़ा, बबलू कुमार, हर्ष अग्रवाल, केशव अग्रवाल, चंदा अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, माणिक कुमार के द्वारा किया गया। वही रामनारायण यादव मेमोरियल क०लेज में एकल विद्यालय के आचार्य एवं सेवाव्रती कार्यकर्ता के सहयोग से पौधा रोपण किया गया। स्वामी विवे. कानंद पुस्तकालय में कार्यकारी अध्यक्ष संजय वर्णवाल, डॉ अनिल कुमार, एचिवर्स क्लासेस के अरबिंद ठाकुर, अजय ठाकुर, रमेश ठाकुर, देवधारी प्रजापति, प्रो हिरामन साहू, प्रो बद्री साहू, प्रो सुनील दत्ता, दिनेश्वर यादव, शशि भूषण, राज आर्यन उर्फ छोटी ने पौधारोपण किया। पौधरोपण का महत्व का जिक्र करते हुए पीके गर्ग ने कहा कि पर्यावरण के संतुलन एवं संरक्षण में पौधरोपण का काफी महत्वपूर्ण स्थान हैं। जिस तरह की ग्लोबल वॉर्मिंग की समस्या बढ़ती जा रही है। यदि पौधरोपण को बढ़ावा नही दिया गया तो इसका दुष्परिणाम जरूर देखने को मिलेगा। अपेम चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार ने कहा कि हरेक व्यक्ति को पौधा लगानी चाहिए। अपेम पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। अब तक अपेम के पहल पर 2000 से भी अधिक पौधे लगाए गए हैं।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## एसडीओ, एसडीपीओ एवं पदमा सीओ ने संयुक्त रूप से अनुमंडल परिसर में किया पौधारोपण

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी : पूनम कुजूर

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



पर्यावरण दिवस के अवसर पर बरही एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर एवं पदमा सीओ ने संयुक्त रूप से अनुमंडल परिसर में पौधारोपण किया। वहीं एसडीओ पूनम कुजूर ने कहा की जैसे जैसे शहर विकसित होते जा रहे है, हरियाली कम और कंक्रीट के जंगल बढ़ते जा रहे है। हर साल प्रदूषण के मामले में बढ़ोतरी हो रही है। अगर हम सभी मिलकर अभी पर्यावरण पर ध्यान नहीं दिए तो आने वाले कुछ सालो में साफ हवा में सांस लेने के लिए सिर्फ पहाड़ और जंगल ही बचे रह जायेंगे। प्रदूषण लगातार हमारी सांसे कम कर रहा है। पैदा होने वाले बच्चे पर भी इसका असर दिख रहा है। इसीलिए 5 जून पर्यावरण दिवस पर हम सभी को प्रण लेना चाहिए जो आने वाली पीढ़ियों को साफ सुथरा हवा देने में मददगार हो सके।

बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने बताया की विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में को गई थी। इसे 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। 5 जून 1973 को पहला पर्यावरण दिवस मनाया गया था। पेड़ पौधे प्रकृति का दिया हुआ उपहार है, पेड़ हमारे जीवन में बहुत महत्व रखते है। पेड़ की हमारे वातावरण को साफ और प्रदूषणमुक्त रखते है। और यही पर्यावरण के सच्चे योद्धा है, जो पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखते है।

मौके पर पदमा सीओ मुजाहिद अंसारी एवं आलोक कुमार द्वेदी मौजूद थे।

## प्रखंड परिसर में बीडीओ ने किया पौधारोपण

### पेड़ ही हमारे जीवन का सच्चा साथी है : सी आर इंदवार

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में बरही प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सी आर इंदवार ने अपने कर्मियो के साथ पौधारोपण किया। साथ ही उन्होंने ने पौधे को बचाने का भी संकल्प लिया। वहीं उन्होंने बताया की हमे साथ मिलकर पर्यारण का संरक्षण करना है। आने वाले समय में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना है ताकि हमारा वातावरण साफ सुथरा रहे।

साथ ही उन्होंने कहा की कोरोना में हमने अपनी आंखों से लोगो को ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए तरसते देखा है। उन्होंने कहा की हम सभी ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया है। जिससे अ०क्सीजन की कमी न आए। प्रकृति का दिया हुआ उपहार पेड़ हमारे जीवन में बहुत महत्व रखता है। पेंड ही हमारे वातावरण को साफ और प्रदूषणमुक्त रखते है। यही पर्यावरण के सच्चे योद्धा है, जो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखते है। पेड़ ही हमारे जीवन का सच्चा साथी है और इससे हमे जीवन मिलता है। पेड़ हमे फल फूल तो देते ही है इसके साथ ही हमे दवाई के रूप में वो औषधियां भी देते है, जो हमे जीने के लिए आवश्यक है। पेड़ हमारी तरह चल तो नही सकते और ना ही घूमकर अपनी जगह बदल सकते है पेड़ भी हमारी तरह सांस लेते है ये सांस के रूप में प्रकृति में उपस्थित जहरीली गैस कार्बन डाई अ०क्साइड लेते है और हमे इसके बदले स्वच्छ वायु अ०क्सीजन प्रदान करते है। पेड़ अपना पूरा जीवन काल में हमे अपना सब कुछ देते ही रहते है, पेंडो की वजह से बारिश होती है। बारिश होने से वातावरण में हरियाली, हमारे पीने के लिए पानी, खाने के लिए अनाज, जलाने के लिए ईंधन, पशुओं के लिए भोजन, बीमारियां दूर करने के लिए जड़ी बूटी, ठंढी छाया, कागज आदि मिलता है। साथ ही साथ उन्होंने मौके पर मौजूद सभी पर्यावरण प्रेमियों से अपील किया की इस पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर अपने नाम का एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करे। मौके पर प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मी मौजूद थे।

## डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने अस्पताल के कर्मियो संग किया पौधारोपण

### संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण है जरूरी : डॉ प्रकाश ज्ञानी

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने अपने कर्मियो संग पर्यावरण दिवस पर अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया की पेड़ पौधे का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। ये हमे न सिर्फ ऑक्सीजन देते है । बल्कि सभी प्रकार के फल, फूल, जड़ी बूटियां और लकड़ियां आदि भी देते है। घर के आस पास पौधारोपण करने से गर्मी, भू क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते है साथ ही साथ उन्होंने पौधारोपण के बारे में बताते हुए कहा की पौधारोपण के पीछे का कारण ज्यादातर वनों को बढ़ावा देना, भू निर्माण और भूमि सुधार है। पौधारोपण के इन उद्देश्यों में से प्रत्येक अपने स्वयं के अनूठे कारण के लिए महत्वपूर्ण है। पौधारोपण का सबसे सामान्य उद्देश्यों में से वनों को बढ़ावा देना है जिससे पृथ्वी पर संतुलन बनाए रखने के लिए वन अत्यंत महत्वपूर्ण है। मौके पर लिपिक पंकज कुमार, विनय सिन्हा एवं अनुमंडलीय अस्पताल के दर्जनों महिला कर्मी भी मौजूद थे।

## चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल के शिक्षको ने छात्रों संग किया पौधारोपण

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के पुरहारा में संच.ालित चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल में पर्यावरण दिवस पर विद्यालय के शिक्षको ने छात्रों संग पौधारोपण किया। वहीं विद्यालय के संचालक नंदलाल पंडित ने पर्यावरण दिवस पर जानक.ारी देते हुए बताया की पौधे पर्यावरण को शुद्ध रखने में अहम भूमिका निभाते है। घरों, मोटर – गाड़ियों वा काल कारखाने से निकली कार्बन डाइऑक्साइड को ये अवशोषित करते है। जिससे वातावरण में वायु प्रदूषण के नियंत्रण में काफी सहायता प्राप्त होती है। इस प्रकार पेड – पौधे पर्यवारण को सीधे रूप में प्रभावित करते है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की पेड़ पौधे सिर्फ मनुष्यों के लिए ही नही बल्कि समस्त जंतुओं के लिए आवश्यक है। उनके आभाव में प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखना असम्भव है अतः यह हम सब के लिए आवश्यक है की वन की महत्त्व को समझे। मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं सैकड़ों छात्र मौजूद थे।

## दो बाइक की टक्कर में एक घायल स्थिति गंभीर, रेफर

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के देवचन्दा निवासी मोहन यादव उम्र 37 वर्ष पिता बैजू यादव आपस में हुई बाइक टक्कर में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति अपना कुछ निजी काम से कही जा रहे थे इसी क्रम में गया रोड में स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप दो बाइक की आपस में टक्कर हो गई। जिसमे बैजू यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में घायल व्यक्ति को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीरवस्था में सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के छात्र छात्राओं ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जवाहर घाट में लगायें 51 छायेदार पौधे




**पेम लाइवः बरही**
**विकाश कुमार**

बरही चौक पानी टंकी के समीप संचालित रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के छात्र छात्राओं ने 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जवाहर घाट में कुल 51 छायादार पौधे लगाए। साथ ही पौधों को संरक्षण प्रदान करने का संकल्प लिया। इस बाबत संस्थान के संचालक राकेश रोशन ने कहा कि जिस प्रकार वर्तमान समय में जनसंख्या विस्फोट हुआ है, कई वन भूमि पर मकानों के निर्माण हो रहे है, इससे आने वाली पीढ़ी के साथ अ०क्सीजन की घोर कमी का अनुमान लगाया जा रहा है, इससे बचाव के लिए हमे अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पौधों एवं पेड़ो को संरक्षण देना हमसबों की नैतिक जिम्मेवारी है। अतिआवश्यक कार्य के लिए कोई पेड़ काटना पड़े तो उसके बदले हमे 10 पौधे लगाने चाहिए एवं उनका संरक्षण करना चाहिए। इसके साथ ही हम पर्यावरण को ह्रास होने से बचा सकते है, हम खुद को बचा सकते है, हम अपनी आने वाली पीढ़ी को बचा सकते है। मौके पर संस्थान के संचालक राकेश रोशन के साथ शिक्षक अंकित चंद्रवंशी, विकास कुमार, श्वेता रोशन, आयुष कुमार, मो सोहराब, रुतेंद्र कुमार गुप्ता, अनिल यादव, ऋषि कुमार, खिरोधर यादव, अनिल कुमार, अभिषेक कुमार, सैनिक कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह, ललिता कुमारी, अर्चना कुमारी, दीपांशु कुमार गुप्ता, रोशलेट निर्मला, तनु कुमारी, अंजली कुमारी, नाजमीन नाज, स्वीटी कुमारी, वै.शाली कुमारी, मनीषा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अंशु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सांसद प्रतिनिधि ने किया वृक्षारोपण

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा :–प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलैयडीह के उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण में सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया सुखदेव यादव के द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री यादव ने वृक्षारोपण कर संकल्प लिया।और कहा कि में और भी वृक्ष लगाने का काम करूंगा ।और हर व्यक्ति को वृक्ष लगाना चाहिए। जिससे आस–पास के क्षेत्र में शुद्ध पर्यावरण लोगों को मिलेगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य उमेश ठाकुर वार्ड सदस्य सुमित्रा देवी,दिपक साव, राजकुमार दास, नंदलाल ठाकुर, मुकेश ठाकुर, एवं कई लोग उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## रेटिना का इलाज कराने आया मरीज की आंख से मिला 8 मिमी लंबा सुई का टुकड़ा

### चार साल से आंख में पड़ा सुई को सर्जन डॉ अर्चना कुमारी ने की सफल ऑपरेशन

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



सर्जन डॉ अर्चना कुमारी



मरीज



आंख से निकला सुई

नव भारत जागृति केंद्र बहेरा द्वारा संचालित लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल में 31 मई मंगलवार देर शाम आंख का रेटिना ऑपरेशन के दौरान चमत्कारिक घटना सामने आई। रेटिना ऑपरेशन कर रही सर्जन डॉ अर्चना कुमारी ने अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए आंख मरीज मो गुफरान पिता मो सत्तार मियां ग्राम नावाडीह जिला गया बिहार के बाई आंख से 8 मिलीमीटर लंबा सिलाई के लिए उपयोग होने वाली सुई का टुकड़ा को सफलता पूर्वक निक. ालकर मरीज का रंगीन दुनियां को देखने की योग्यता बरकरार कर दी। मरीज मो गुफरान के आंख से सुई निकलने के बाद उन्होंने बताया कि उनकी आंख में पिछले 4 साल पूर्व मशीन पर सिलाई के दौरान आंख में कुछ घुसने का एहसास हुआ। घरेलू इलाज करने पर कुछ दिन ठीक रहा पर बीच-बीच मे आंख में दर्द होता था। जिससे गया सहित कई जगहों में आंख के डॉक्टर से इलाज करवाकर दवा लिए पर कोई फायदा नही हुआ। बहेरा आश्रम एलएनजेपी में रेटिना अ०परेशन के बारे में जानकारी मिलने पर आया। मरीज की आंख के रेटिना का ऑपरेशन करने वाली सर्जन डॉ अर्चना कुमारी ने बताया कि सुई का टुकड़ा मरीज के आंख के रेटिना में था, जो धीरे-धीरे उनकी आंख की रौशनी को कम कर रहा था और आंख को खराब कर रहा था। समय रहते अ०परेशन कर निकल जाने आंख की रौशनी बच गई। सुई यदि कुछ दिनों तक और नहीं निकाला जाता तो मरीज की आंख पूरी तरह खराब हो जाती और अंत में आँख निक. ालना पड़ता। अस्पताल प्रबंधक संतोष पूरी ने बताया कि मरीज का रेटिना का इलाज आयुष्मान कार्ड से हुआ। जिससे उसका एक भी रुपया खर्च नही हुआ। इससे मरीज ने झारखंड सरकार और केंद्र सरकार को तहे दिल से शुक्रिया यदा किया। इस सफल ऑपरेशन से संस्था सचिव गिरजा सतीश, प्रबंधक गंधर्व गौरव, अस्पताल प्रबंधक संतोष पूरी, डॉ अर्चना कुमारी, डॉ आलोक कुमार, करुणानिधि, विकांत कुमार सिंह सहित अस्पताल प्रबंधन में खुशी का माहौल है।

## ब्लश्वक कैंपस बरही में खुला अचीवर्स क्लासेस का नया ब्रांच, शिक्षाविदों ने किया उद्घाटन

### बरही को शिक्षा हब के रूप में विकसित करना हमारा लक्ष्य : संजय वर्णवाल

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



अचीवर्स क्लासेस का बरही ब्रांच का उद्घाटन करते शिक्षाविद

हज़ारीबाग़ के जाने माने शैक्षणिक प्रतिष्ठान अचीवर्स क्लासेस का नया ब्रांच बरही ब्ल०क कैंपस में रविवार को खुला। प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवे. कानंद पुस्तकालय में कार्यक्रम आयोजित कर अचीवर्स क्लासेस के डायरेक्टर अरविंद ठाकुर, ई0 अजय ठाकुर, चन्द्रशेखर सिंह,स्वामी विवे. कानंद पुस्तकालय के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ संजय बरनवाल, सचिव कृष्णा प्रजापति, अपेम के चीफ एडवाइजर डॉक्टर अनिल कुमार, सक्रिय सदस्य रमेश ठाकुर, सेवानिवृत्त शिक्षक देवधारी प्रजापति, प्रोफेसर हीरामन साहू, डॉ सुनील कुमार दत्ता, शशि भूषण कुमार, दिनेश्वर यादव आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए निदेशक डॉ अरविंद ठाकुर ने बताया की हजारीबाग के बाद बरही में अचीवर्स क्लासेस का ब्रांच खोलना एक सुखद अनुभूति है। क्योंकि बरही के अभिभावक शिक्षाविद एवं स्वामी विवेकानंद पुस्. तकालय के पदाधिकारी गण का भरपूर सहयोग मिल रहा है । अचीवर्स क्लासेस का विधिवत डेमो क्लास का कार्य शुरू कर दिया गया है। इच्छुक लोग अचीवर्स क्लासेस में अपना नामांकन ले सकते हैं । निदेशक अजय ठाकुर ने बताया की नीट एवं जे. ईई मेंस एवं एडवांस की तैयारी अचीवर्स क्लासेस के माध्यम से कराई जाती है। जिसका बेहतर रिजल्ट बरही में आने की संभावना है। उद्घाटन कार्यक्रम में ड०क्टर अनिल कुमार, रमेश ठाकुर, देवधारी प्रजा. पति, प्रोफ़ेसर हीरामन साहू ने भी अपनी बात रखते हुए अचीवर्ष क्लासेस को भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर सभी अतिथियों को अचीवर्स क्लासेस की ओर से मोमेंटो देकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर बद्री साव, पप्पू चंद्रवंशी, मथुरा प्रसाद, सुरेंद्र प्रजापति ,प्रोफेसर सुनील कुमार दत्ता ,दिनेश्वर यादव, राजू राणा रवि यादव ब्रजेश ठाकुर राजेन्द्र यादव , सुनील सिंह राज आर्यन उर्फ छोटी , जानवी कुमारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे




## जन कल्याण समिति ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस पांच जगहों पर किया वृक्षारोपण

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में जन कल्याण समिति के द्वारा करियातपुर दुर्गा मंदिर, सरकारी अस्पताल, सरकारी स्कूल, नीचे बाजार जैसे जगहों पर पर्यावरण दिवस पर दस फलदार और छायादार पेड़ लगाया। समिति के संस्थापक संतोष प्रजापति ने पर्यावरण दिवस के महत्व बताते हुए कहा कि विश्व में हमारा पर्यावरण हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है क्योंकि इसके बिना हमारे जीवन का रहना असंभव है और यदि प्रत्येक मानव पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझ कर पर्यावरण की सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाती है तो पर्यावरण को प्रदूषित होने से बिल्कुल रोक जा सकता है। कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार प्रजापति ने कहा कि इस पृथ्वी पर जीवन की संभावना को बनाए रखने के लिए सबसे अधिक आवश्यक है कि पर्यावरणीय वास्तविकता को बनाए रखा जाए, पर्यावरण हमें वह सब कुछ प्रदान करता है जिसके बिना जीवन संभव नहीं है जैसे वायु ,प्रकाश ,जल एवं जीवन के लिए प्रत्येक आवश्यक संसाधन हमें पर्यावरण से ही प्राप्त होते हैं, लेकिन आज के आधुनिकी दौरे में धीरे-धीरे हमारा पर्यावरण प्रदूषित होते जा रहा है। और आज भी हमारा पर्यावरण पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। साथ ही उन्होंने सभी लोगो से अपील किया की एक एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करे। उक्त बातो को जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी दीपक कुमार प्रजापति ने दिया और साथ ही साथ कम शब्दों में कहा- आओ मिलकर पेड़ लगाएं। इस धरती को हरा-भरा बनाए। खुली हवा में ले सांसे और बीमारी को दूर भगाएं। आओ मिलकर पेड़ लगाएं। आओ मिलकर पेड़ लगाएं ।। मौके पर चंदन केशरी, प्रवीण कुमार प्रजापति, प्रकाश कुमार प्रजापति, शिवकुमार शर्मा, विक्की कु. श्रीवास्तव एंव प्रदीप केशरी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## पर्यावरण की शुद्धता के लिए पौधरोपण जरूरी : उषा रानी

### उज्ज्वल महिला मंडल से जुडी महिलाओं ने किया सोसायटी में पौधारोपण

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



पौधरोपण करते महिलाएं

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर न्यू रेलवे क०लोनी में संचालित उज्ज्वल महिला मंडल की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत उज्ज्वल महिला मंडल से जुड़े महिलाओं ने अपने सोसायटी में घूम घूम कर पौधारोपण किया। महिलाओं ने कई छायादार एवं फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर उषा रानी ने कहा कि जिस तरह विकास के नाम पर जंगलों की अवैध कटाई की जा रही है, उसके कारण पर्यावरण असंतुलित होने लगा है । प्रदूषण बढ़ने लगे हैं एवं वन्य जीव प्राणियों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है । जितनी तेज गति से पेड़ पौधे काटे जा रहे हैं। यदि उतना ही तेज गति से पौधारोपण नहीं किया गया तो आने वाला समय मैं ग्लोबल वार्मिंग की समस्या काफी उत्पन्न हो जाएगी। इसलिए हर एक व्यक्ति को नियमित पौधे लगानी चाहिए। पौधारोपण कार्यक्रम में उषा रानी , पूजा कुमारी, नीतू कुमारी ,सोनी कुमारी ,पनम सिंह, रश्मि ठाकुर ,सरिता देवी ,उर्मिला देवी गुड़िया देवी, अंजू देवी आदि महिलाएं शामिल थीं।

## ऑक्सीजन की कमी को पूरा करते हैं पेड़ पौधे, इनका संरक्षण जरूरी : अरुण शर्मा

### दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट ने 150 पौधा वितरण कर मनाया पर्यावरण दिवस

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बच्चों के बीच पौधा वितरण करते संस्थान के निदेशक

हजारीबाग रोड स्थित प्रतिष्ठित संस्थान दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट ने प्रत्येक सालों के जैसा इस साल भी संस्थान के विद्यार्थियों के बीच 150 पौधा वितरण कर पर्यावरण दिवस मनाया। संस्थान के संच. ालक अरुण शर्मा ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है जिसके बिना हमारी जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पेड़-पौधे इस पर्यावरण का एक ऐसा डॉक्यूएमेंट्स है जिसका देख भाल करना हम सभी का दायित्व है। संस्थान के उप संचालक कुंदन कुमार ने कहा कि हमारे संस्थान की ओर से प्रत्येक साल पर्यावरण दिवस पौधा वितरण कर मनाया जाता है। पढ़ाई के साथ साथ समाजिक गतिविधियों में हमारे संस्थान की भूमिका अग्रिम पंक्ति में रहती है। शिक्षक अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि यदि हम एक पौधा लगाते है तो 14 से 16 पौंड क०र्बन डाइ. ऑक्साइड को अवशोषित करता है। इसलिए अधिक से अधिक पौधा लगाना चाहिए । जिससे पर्यावरण में संतुलन बना रहे। मौके पे उपस्थित संस्थान के अन्य शिक्षक रमेश महतो,कमलकांत,शशि कुमार,रूपा प्रजापति,नीतू यादव,सुमन अर्चना, चंदन कुमार,कमल प्रजापति, अकक०उंटेंट सिमा यादव थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## वन हमारी अमूल्य संपदा, इस पर कभी आए ना विपदा :रोहित

### श्रीदास स्कूल में रक्षा सूत्र बांध मनाया पर्यावरण दिवस

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**


रक्षासूत्र बांध सुरक्षा का संकल्प लेते रोहित सिंह

देव चंदा मोड़ स्थित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण दिवस पर बरही वन विभाग की ओर से ष(एक ही पृथ्वी) षविषय को लेकर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।।. जसमे बरही के वनाधिक. ारी महोदय कमलेश कुमार सिंह, भारतीय वन्य जीवन संस्थान ( देहरादून) के रिसर्च टीम रोहित झा, एलेक्स जैकब, अबहिन एन एवं बिरेंद्र कुमार, दीपक यादव, विद्यालय निदेशक सह प्राचार्य रोहित राज सिंह , शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों के द्वारा विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया । साथ ही रक्षा सूत्र भी बांधा गया साथ ही इन सभी के द्वारा पेड़ों की सुरक्षा एवं उसकी देखभाल की शपथ ली गई। सभी ने पौधरोपण कर प्रकृति के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए यह संकल्प लिया कि वे वृक्षारोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी उत्तरदायित्व को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएंगे। इस अवसर पर वन अधिकारी महोदय कमलेश कुमार सिंह द्वारा पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया । इस पर्यावरण दिवस पर विद्यालय निदेशक रोहित राज सिंह बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पर्यावरण असंतुलन बढ़ता ही जा रहा है । लगातार बढ़ती आबादी और औद्योगिकीकरण, प्राकृ तिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन की वजह से आज वै. श्विक तापमान लगातार बढ़ रहा है। इस असंतुलन की वजह से बाढ़ ,भूकंप, भूस्खलन ,समुद्र का जलस्तर बढ़ना, कहीं अधिक बारिश, कहीं सूखा जैसी कई प्राकृतिक आपदाएं मानव को झेलना पड़ रहा है। वृक्ष हमारी धरोहर है, इसकी रक्षा करना वृक्षारोपण करना हम सब का उत्तरदायित्व है। पर्यावरण की बढ़ती समस्या का हल तभी निकाला जा सकता है जब हर नागरिक अपनी अपनी भूमिका तय करें। साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय समस्याओं से लड़ने के लिए स्कूल स्तर पर शिक्षा प्रणाली को ज्यादा से ज्यादा व्यवहारिक बनाने की जरूरत होगी तभी हम मानव अस्तित्व को बचा सकते हैं इसके लिए बच्चों के साथ-साथ अभिभावक गण को भी साथ आने की जरूरत है। जिन विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया उनमें सृष्टि ऋषिका, छवि कुमारी, सायना कुमारी एवं शिक्षकों में राकेश कुमार, संगीता कुमारी, बबिता कुमारी, शीतल केसरी, शशि,उदय, अमरदीप, अम. रजीत, विवेक, विपिन, सपना, अमन, विकास, अमित, सुचित्रा, अनिल आदि शामिल थें।

## बरही रेलवे स्टेशन परिसर में किया गया पौधरोपण

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**


पौधे लगाते स्टेशन अधीक्षक चन्दन केशरी एवं अन्य

विश्व पर्यावरण दिवस पर रविवार को बरही स्टेशन परिसर में स्टेशन अधीक्षक, चंदन कुमार केशरी, पर्यावरण मित्र शिक्षक बेंदगी निवासी सुरेन्द्र कुमार यादव एवं चौपारण प्रखंड के हरियाली दूत दिनेश सावके नेतृत्व में पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। जिनमें आम, छतनी तथा जामुन के पौधे शामिल हैं। साथ ही, जानवरों से बचाव के लिए जाली लगाया गया। इन्होंने पर्यावरण संरक्षण में पौधों के महत्व पर जोर देते हुए सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उसके संरक्षण की अपील की। इस कार्यक्रम में ऑ. परेटिंग विभाग के प्वाइंट्स मैन संतोष कुमार, सनोज कुमार तथा ज्त्क विभाग के सुनील मंडल, पी. के. सिन्हा, अभिषेक झा, जीतेन्द्र, सियाराम, संटू प०ल, रंजीत कुमार, सोनू कुमार, इंजीनियरिंग विभाग के भीम कुमार इत्यादि की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। सभी सदस्यों ने लगे पौधे के सुरक्षा की जिम्मेवारी भी ली। साथ ही हर वर्ष अधिक से अधिक पौधे लगाने का शपथ लिया।

## बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड की ओर से पर्यावरण को बचाने के लिए दामोदर नदी में जल परीक्षण एवं वृक्ष लगाया गया

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**




विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर दामोदर बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष झारखंड विधानसभा के सदस्य माननीय सरयू राय जी के नेतृत्व में आज धनबाद जिले में दामोदर नदी के प्रमुख घाटों जैसे पंचेत, सिंदरी के टासरा (कांडरा) एवं धनबाद मैं पंपू तलाव एवं मट्कुरिया के जोड़ियां आदि जगहों में जल परीक्षण किया गया। दामोदर नदी के टापरा घाट में बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड संस्था के द्वारा आयोजित वृक्षारोपण का कार्यक्रम माननीय विधायक श्री सरयू राय जी के हाथों किया गया साथ ही घाट में जोड़ियां का जल जो नदी को प्रदूषित कर रहा है उस जोड़ियां के जल का भी परीक्षण किया गया जो जल आदमी के नहाने के लिए भी उपयोगी नहीं है फिर वह पीने के लिए या जलीय जंतुओं के लिए कैसे उपयोगी हो सकता है। दामोदर बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष जमशेदपुर के विधायक श्री सरयू राय ने कहा कि पूरे प्रदेश में कई संगठन कई संस्था के लोग दामोदर बचाओ आंदोलन को पिछले कई वर्षों से किसी न किसी प्रकार से सहयोग करते आ रहे बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड संस्था भी धनबाद जिले में पर्यावरण के प्रति हमेशा जागरूक रहने का कार्य करता है दामोदर नदी का जल कैसे स्वच्छ हो उस पर संस्था के लोग हमेशा चिंतित रहते हैं इन्हीं समस्याओं को लेकर कई वर्षों के बाद आज दामोदर बचाओ आंदोलन , युगांतर भारती एवं झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से जल परीक्षण का कार्य किया जा रहा है । जल परीक्षण का मतलब है कि इसमें कितना पानी पीने के लायक है यदि पीने के लायक नहीं है तो इसे हम कैसे पीने के लायक बना सकें ताकि धनबाद जैसे जिले में जिसकी जीवन दामोदर नदी पर ही निर्भर है वह लाखों लाख लोगों को कैसे शुद्ध पेयजल पीने को मिल सके इसे लेकर ही आज हम लोग शहर के कई जगहों का दौरा किया इसे शुद्ध करने के लिए वृक्ष लगाने का भी कार्य संस्था के द्वारा किया गया। दामोदर नदी परीक्षण यात्रा में वैज्ञानिक ड०क्टर ए के जमुआर, बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के सचिव पप्पू पंडित दामोदर बचाओ आंदोलन के धनबाद जिला के संयोजक श्री अरुण राय टासरा के प्रभारी श्री प्रभास कुमार अग्रवाल श्री सुनील कुमार उरांव, ब्रह्मर्षि सेवा संस्थान के अशोक सिंह, सावित्री पांडे ,मोहम्मद इस्माइल, काली किंकर, अनिल गोराई, पप्पू विश्वकर्मा, दल गोविंद महतो, विकास महतो आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा गौशाला परिसर में किया गया पौधारोपण

### उपायुक्त सहित कई वरिष्ठ समाजसेवी गण हुए उपस्थित

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रीतेश खनडेलवाल**



हजारीबाग :- बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा लगातार सामाजिक कार्यो में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जाती है उसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर हजारीबाग से महज 12 किलोमीटर दूर स्थित गौशाला परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय, सहित कई वरिष्ठ समाजसेवी बंधुओं ने उपस्थित होकर संयुक्त रुप से आम,अमरूद, सहित कई चीज पौधोंरोपण किया।

कार्यक्रम को विशेष सफल बनाने में बड़ा बाजार यूथ विंग के महासचिव चंद्रप्रक. ाश जैन,अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल,उपाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, संजय डिश,सहसंयोजक विकास केसरी,अतिशय जैन,लता जैन,मेघा जैन,वर्षा जैन,प्रणीत जैन,देबू पाठ्क,शिल्पी पाठक सहित कई लोग उपस्थित थे।

मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने हजारीबाग जिला वासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। साथ ही कहा की हमारे जीवन का महत्वपूर्ण क्षण है पौधा, इसे व्यर्थ ना जाने दें। वृक्ष ही जीवन का आधार है। यदि पृथ्वी पर पौधे नहीं रहेंगे तो मानव का समूल नष्ट हो जाएगा।

मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के महासचिव चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि हमें अपने हर उत्सव में पौधारोपण करना चाहिए जैसे जन्मदिवस,शादी की वर्षगांठ यह अन्य उत्सव में पौधारोपण कर हमारी ग्रह पृथ्वी पूरी तरह सुरक्षित और भविष्य को सुनिश्चित वातावरण के सकर्मक बदलाव का भाग बनने के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर कान्हाचट्टी एस बी आई के कैशियर ने किया पौधा रोपण

### प्रत्येक ब्यक्ति अपने घर के आस पास लगाएं पौधा :- सतीश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी :- विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर कान्हाचट्टी प्रखंड के भारतीय स्टेट बैंक कान्हाचट्टी के कैसियर सतीश कुमार ने प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्र कन्हाचट्टी, रामनगर उच्च विद्यालय, एवं कान्हाचट्टी देवी मंडप के प्रांगण में पौधारोपण किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के आस-पास कम से कम पांच पौधा जरूर लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण के संरक्षण किया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जिस तरह से देश दुनिया की जनसंख्या बढ़ रही है उससे पर्यावरण खतरे में पड़ता जा रहा है, जनसंख्या बढ़ने के साथ घर मकान बढ़ते हैं और घर मकान बनाने के लिए जंगली क्षेत्रों का जमीन की पेड़ पौधे काटकर घर मकान बनाए जा रहे हैं। जिसका कारण है कि आज हमें अत्यधिक गर्मी और कम वर्षा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर के आस-पास पांच-पांच पौधे नहीं लगाते हैं तो आने वाले दस वर्षो में लोगों को पानी भी नसीब नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बैंक आने वाले प्रत्येक ग्रहको से अनुरोध करूंगा कि आप प्रत्येक वर्ष अपने घर के आस-पास कम से कम पांच पौधे जरूर लगाएं।मौके पर सीएसपी संचालक अशोक कुमार सिंह एवं अन्य लोग उप. स्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सूर्य मंदिर निर्माण कमेटी ने किया पौधरोपण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विश्व पर्यावरण दिवस पर विष्णुगढ़ सूर्य मंदिर निर्माण कमेटी के द्वारा निर्माणाधीन मंदिर परिसर उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी के तटबंध पर बहुउपयोगी पौधों का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कमेटी द्वारा परिसर में कई ईमारती लकड़ियों के अलावा फूलदार व फलदार पौधे भी लगाए गए। पौधरोपण में कमेटी के सदस्यों के अलावा स्थानीय मुखिया निर्मल कुमार समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे। मौके पर कमेटी अध्यक्ष रामेश्वर सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से साल दर साल ग्लोबल व०र्मिंग हो रहा है। उसे देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को साल में कम से कम पांच पेड़ लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। इसके अलावा वनों की अवैध कटाई पर भी सख्ती की जरूरत है। मौके पर मुखिया निर्मल कुमार, रामेश्वर सिंह, गिरजा साव, आनंद राम, मोहनलाल बरनवाल, चमारी नायक, जगदीश प्रसाद बर्मन, नवल किशोर वर्मा, राजेन्द्र सिंह, शंकर गोस्वामी, युगल स्वर्णकार, सुरेश भगत, सुरेंद्र नायक, संजीव सिंह, प्रयाग प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## पर्यावरण को बचाना है, तो अधिक पौधे लगाना होगा

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



विज्ञान और टेक्नोल०जी के इस नए दौर में मनुष्य जितना सक्षम हुआ है, मानव-उत्पति के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। आज इसी सक्षमता के कारण मनुष्य को विला. सितापूर्ण जीवन जीने की राह में आने वाली हर चुनौति का क्षणिक समाधान मिल गया है। पूरे ब्रह्मांड में पृथ्वी को छोड़कर किसी अन्य ग्रह पर जीवन नहीं है, यह जान कर भी हम पृथ्वी और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। क्या इसका भी कोई क्षणिक समाधान है? विकास और विलासिता की होड़ में पर्यावरण को नुकसान पहुंचा कर हमने अपने ही अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। पर्यावरण को जीवन के अनुकूल बनाए रखने एवं विश्व के सभी देश को एक पटल पर लाने के अभियान के रूप में प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। जनसंख्या वृद्धि, और भ्रष्टाचार से भी पर्यावरण को काफी क्षति पहुंचा है।पेड़-पौधे, जीव-जंतु, सभी स्वच्छ धरती पर पनपते हैं। धरती हमारी माँ है और हम उसकी संतान। माँ की सेहत बिगड़ जाने पर संतान चिंतित हो उठती है। आज धरती माँ की सेहत बिगड़ गई है। ताल, नदी समंदर प्लास्टिक की थैलियों और बोतलों से भरे पड़े हैं। क्या हम चिंतित हैं? वर्तमान दौर में अर्थशास्त्र, विज्ञान शास्त्र पर भारी पड़ रहा है। वैज्ञानिक अनुसंधानों के अनुसार बढ़ते प्रदूषण के कारण तापमान बढ़ रहा है, धरती तेजी से बंजर हो रही है। पेय जल स्तर घट रहा है और समंदर का स्तर बढ़ रहा है। तटीय शहरों पर जलमग्न होने का खतरा मंडराने लगा है। फसल उगाने की किस्में कम हो रही हैं। पैदावार घट रहा है। आने वाले समय में खाद्य संकट और जल संकट सबसे बड़ी चुनौती होगी। तब हमारी समृद्धि का प्रतीक 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के पीछे भागने से ज्यादा जरूरत पर्यावरण के पीछे भागने की होगी। पर्यावरण धरती का आँचल है। आध्यात्मिक, धार्मिक या फिर स्वाभाविक रूप से पर्यावरण को स्वच्छ रखना ही होगा। पर्यावरण की सुरक्षा करना किसी एक व्यक्ति या एक देश का दायित्व नहीं है। यह विश्व के सभी देशों का सम्मिलित दायित्व है।

आने वाली पीढ़ियों को स्वास्थ्य और समृद्धि विरासत में देने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। वन और वन्य जीवों की सुरक्षा करनी होगी। वर्षा जल संचय करना होगा। जहरीले रसायन और धुंआ उगलने वाले कल कारखाने बंद करने होंगे। ठोस ईंधन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना होगा। वैकल्पिक और नवीकरणीय ऊर्जा का सर्वाधिक उपयोग करना होगा। अभी भी वक्त है, आइए अपने हिस्से का कार्य आज से शुरू करें क्योंकि पर्यावरण को बचाना ही होगा।

## दिनदहाड़े सरेआम अपराधियों ने महिला का गला रेत हुआ फरार

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह में सम्राट बस मालिक राजू खान पर दिनदहाड़े हुई गोलीकांड को लोग भूल भी नहीं पाए हैं और आज सुबह करीब आठ बजे मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित पांडेयडीह मै. गजिनिया के पास खेत से घास लेकर अपने घर वापस लौट रहीं 27वर्षीय सरिता देवी की गला रेत अपराधी फरार हो जानें का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार रोजाना की तरह आज भी अपने पति गोविंद वर्मा के साथ सब्जी तोड़ने खेत गई थी। पति सब्जी लेकर खेत से पहले निकल गया और सरिता देवी घास लेकर पीछे से घर आ रही थी की रास्ते में ए हादसा हो गया। रोड से गुजर रहे रिंकू कुमार तांती ने देखा कि एक महिला लहूलुहान अवस्था में रोड पर पड़ी है तो उसने जोर जोर से दौड़ो कोई बचाओ हल्ला करने लगा लोग हल्ला सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे और वहां की विभत्स नजारा को देखकर सभी सन्न और आवाक रह गए। लोगों ने आनन फानन में घायल सरिता देवी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मुफ्फसिल थाना प्रभारी विनय राम और एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह सदलबल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ ही रोड जाम करने के लिए तैयार उग्र भीड़ को समझाबुझाकर शांत किया और आगे की कार्रवाई में जूट गए। लोगों का कहना है कि गिरिडीह में अपराधी अपराध कर आसानी से निकल जाते हैं पुलिस प्रशासन केवल लकीर पीटने आती है। ऐसे में हम गिरिडीह वासी दिन रात दहशत में जी रहे हैं ऐसा आख़िर कब तक चलेगा। कब तक सुरक्षित महसूस कर पाएंगे हम गिरिडीह के लोग अपने आप को? जवाब दे गिरिडीह जिला प्रशासन।

## सरकार बालू का टेंडर जल्द करवाये,ढिबरा को वैध घोषित करे और कोयला मजदूर को जल्द राहत दे

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला में लगभग तीन साल झारखंड सरकार के बीत गए सैकड़ो वादे तो पूरे नहीं हुए,कम से कम बालू और ढिबरा का टेंडर निकाल देती तो सरकार को भी र०यल्टी मिलता रहता, कोयला मजदूर को परेशान करना छोड़ती सरकार तो घर चला पाते है मजदूर,सरकार का रोजगार पर डायरेक्ट हमला है,इसको रोकना होगा ट्रेक्टर से जिनका रोजगार चलता मालिक और उनके साथ काम करने वाला मजदूर रोड पर नहीं आते।

पहले सरकारी योजनाएं जिसमें बालू का काम हो रहा है,उसको रोक दें,सरकार के ही खनन विभाग है,6-6 महीने में सरकार के इशारे पर छापेमारी काम शुरू करते है,माले लगातार यह मामला उठा रही है,एक तरफ सरकारी टेंडर टाल रही है दूसरी और छापामारी तेज है।

ढिबरा मजदूर का,कोयला मजदूर का सब का हाल बेहाल कर दी है सरकार, कोई भी सरकार हो मज. दूरों को सिर्फ वोट के समय पूछा जाता है उसके बाद मजदूर कौन है,गरीब कौन है,रोजगार किनका खत्म हो रहा है,सब भूल जाती है सरकार, माले इसका विरोध करती है। गिरिडीह में यह भी एक ट्रै. क्टर को देखा गया कि खाली ट्रेक्टर है,पुलिस की जिप्सी आगे आगे है पीछे पिछे खाली ट्रेक्टर जा रही है, जब पचम्बा थाना पहुँचा तो ट्रेक्टर में बालू भर कर खड़ा है,सी सी टी वी में सारी रिक०र्डिंग है,फुटेज है,अब यह कैसे हो रहा है कौन है इसके पीछे यह भी जांच का विषय है। गिरिडीह के हरेक पुल के नीचे से बालू उठाव हो रहा था तब खनन विभाग का आँख में पट्टी था,चुकि बरसात आ रहा है सब बालू उठ गया है अब नया बालू आएगा उससे पहले,यह दिखावा है।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना परिषर में किया गया वृक्षारोपण

### प्रकृति होगा संरक्षित तो मानव जीवन होगा सुरक्षित : पिन्टू कुमार

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : प्रदूषण का जहर दिन ब दिन हमारी जिंदगी तबाह कर रहा है। बात अगर वैश्वकि संकट की हो तो भले ही किसी एक व्यक्ति का निर्णय बहुत छोटा लगता है, लेकिन जब अरबों लोग एक ही मकसद से आगे बढ़ते हैं तो बड़ा परिवर्तन आता है। उक्त बातें रविवार को गावां थाना प्रभारी पिन्टु कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कहीं। इस अवसर पर उन्होंने गावां थाना परिसर में फलदार वृक्ष का पौधा लगाकर आमजनों को प्रकृति के प्रति प्रेम और उनके प्रति सुरक्षात्मक रवैया अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण जैसे छोटे लेकिन महत्वपूर्ण प्रयासों से हम पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं। अगर प्रकृति संरक्षित होगी तो मानव जीवन सुरक्षित होगा। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। मौके पर बीटीटी राजेदा खातून, मुंशी उमेश कुमार, शुभम कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## प्रखण्ड में सबसे कम खर्च कर मुखिया बने आफताब

### ना कोई रैली और ना ही प्रचार साउंड और वाहन,

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी प्रखंड के जमरी बक्सपुरा पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया आफताब हुसैन की गजब कहानी है।आफताब हुसैन प्रखंड के वैसे मुखिया चुने गए हैं जो अपने पंचायत में ना ही कोई चुनाव प्रचार वाहन और ना ही कोई मोटरसाइकिल रैली निकाली फिर भी उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पंचायत के मतदाताओं के भरोसे पर शिकस्त दे दी। बताते चलें कि जमरी बक्सपुरा पंचायत के मुखिया आफताब हुसैन मात्र लगभग 5100 रुपये खर्च कर चुनाव जीते।आफताब हुसैन ने बताया कि यह जीत हमारी नहीं बल्कि जमरी पंचायत के सभी मतदाताओं की है।उन्होंने कहा कि जो मुझे मत दिए वह भी और जो नहीं दिए वह भी मैं सभी का सेवा निस्वार्थ भाव से करूंगा। उन्होंने कहा कि जमरी बक्सरा पंचायत का विकास करना और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को मैं अपने पंचायत में भटकने भी नहीं दूंगा पत्रकारों के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जमरी पंचायत के जमरी गांव से पकरी तक एवं जमरी गांव से पंडा खाप होते ढेबरो तक की जर्जर सड़क को बनवाने के लिए मैं शीघ्र ही उपायुक्त से मुलाकात करूंगा और उक्त दोनों जर्जर सड़कों को जल्द बनाने के लिए अपने लेटर पैड पर सांसद और विधायक को भी दूंगा।उन्होंने कहा कि पंचायत में विधवा पेंशन बिरधा पेंशन विकलांग पेंशन एवं आवास विहीन लोगों को आवास दिलवाना मेरा मुख्य उद्देश्य होगा। आगे उन्होंने कहा कि पंचायत में बिचौलिए दलाल सब दरि. कनार हो जाएंगे जो भी काम होगा प्रत्यक्ष रूप से जनता के हाथ में होगी। आवास योजना में किसी तरह की दलाली नहीं चलेगी उन्होंने कहा कि आवास के लाभुकों को यह समझ लेना चाहिए कि आवास योजना में किसी के बहकावे में आकर कोई राशि किसी को ना दें। यदि कोई राशि की मांग आवास में करता है तो वह आकर मुखिया के इसकी सूचना दें, मैं उस पर कार्रवाई करवा लूंगा। इधर आफताब हुसैन को मुख्य बनने पर पंचायत वासियों ने बधाई दी है।

APEM LIVE

## सदर प्रखंड के बजटों, टाटोकियारी में पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर में वृक्षारोपण किया गया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



5 जून पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर भारत ज्ञान विज्ञान समिति के द्वारा संचालित फिर स्कूल चले अभियान के तहत बिरसा मुंडा ब्स्ब टाटोकियारी बजटो में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया जिसमें सेंटर के बच्चे एवं अभिभावकों ने भाग लिया और कई फलदार पेड़ भी बच्चों ने लगाया ब्स्ब संचालन श्री परमेश्वर प्रसाद वर्मा ने बच्चों और अभिभावकों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने के कई उपाय एवं रख - रखाव के तरीके भी अभिभावकों और बच्चों के बीच बात - चीत किया उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचाना हमारा पहला कर्त्तव्य हैं पर्यावरण हमारा धरोहर हैं पेड - पौधे की संख्या जितनी अधिक होगी उतना ही हमें शुद्ध वायु मिल पायेगी और समय पर वर्षा भी मे हमें समय पर वर्षा भी होगी प्रोग्राम में पूनम , फूलमती, आशु ,शारदा, गायत्री , अरविंद ,अजय , कट्टी इत्यादि अभिभावकगण उपस्थित थे

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरनी में मानया गया विश्व पर्यवरण दिवस

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड में रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बिरनी प्रखण्ड बंगराकला पंचायत के मनिहारी गांव में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया द्य इस कार्यक्रम का शुभआरंभ अतिथि नव निर्वाचित बंगराकला पंचायत के प्रधान मुखिया सावित्री देवी ने पर्यावरण को शुद्धता बनाये रखने के लिए पोधा वितरण कर सुरुवात किया द्य और बतायी की पर्यावरण संरक्षण आम तौर पर पेड़ों और हरियाली के संरक्षण को दर्शाता है लेकिन व्यापक अर्थो में इसका तात्पर्य पेड़ों, पौधों, पशुओं, पक्षियों और पूरे ग्रह की सुरक्षा से है। वास्तव में पर्यावरण और जीवन के बीच एक अनूठा संबंध है। पर्यावरण संरक्षण मानव जाति के भविष्य और अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है। साथ में संस्था नव जागृति युवा मण्डल के सुधीर प्रसाद वर्मा ने कहा की कचरे को फैलने से रोकें और दूसरों को भी इसे रो. कने के लिए प्रोत्साहित करें। रासायनिक उर्वरकों और किटनाशकों के उपयोग से बचे और जैविक पदार्थो का उपयोग करें। वाहनों से निकलने वाले घुएं को कम करे, ये हमारे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुचाते है। जंगलों को बचाएं और पेड़ लगाएं क्योंकि ये पर्यावरण के लिए फेफड़ों जैसा काम करते है। बिरनी के छल्ट प्रतिभा कुमारी ने भी अपना विचार को रखते हुए कहा की जिसतरह से जंगल कट रहा है उस हिसाब से बीमारियों में बढोतरी हो रही है हम कह सकते है की पेड़ की कटाई वायुप्रदुषण को बढ़ावा देता है , हमसभी को सपथ लेने की जरुरत है की हराभरा पेड़ पोधा को कभी नस्ट नहीं करे द्य इस कार्यक्रम में संतोष साव,रामू जिबलाल,दामोदर ,राहुल के साथ साथ सेकड़ो ग्रामीण उपस्थित हुए।नेहरु युवा केन्द्र गिरिडीह के सहयोग से नव जागृति युवा मण्डल सह रेडियो जागृति 90.4 एफएम के द्वारा हर साल के भाती इस बार भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बिरनी प्रखण्ड बंगराकला पंचायत के मनिहारी गांव में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया द्य इस कार्यक्रम का शुभआरंभ अतिथि नव निर्वाचित बंगराकला पंचायत के प्रधान मुखिया श्रीमती सावित्री देवी ने पर्यावरण को शुद्धता बनाये रखने के लिए पोधा वितरण कर सुरुवात किया द्य और बतायी की पर्यावरण संरक्षण आम तौर पर पेड़ों और हरियाली के संरक्षण को दर्शाता है लेकिन व्यापक अर्थो में इसका तात्पर्य पेड़ों, पौधों, पशुओं, पक्षियों और पूरे ग्रह की सुरक्षा से है। वास्तव में पर्यावरण और जीवन के बीच एक अनूठा संबंध है। पर्यावरण संरक्षण मानव जाति के भविष्य और अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है। साथ में संस्था नव जागृति युवा मण्डल के सुधीर प्रसाद वर्मा ने कहा की कचरे को फैलने से रोकें और दूसरों को भी इसे रो. कने के लिए प्रोत्साहित करें। रासायनिक उर्वरकों और किटनाशकों के उपयोग से बचे और जैविक पदार्थो का उपयोग करें। वाहनों से निकलने वाले घुएं को कम करे, ये हमारे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुचाते है। जंगलों को बचाएं और पेड़ लगाएं क्योंकि ये पर्यावरण के लिए फेफड़ों जैसा काम करते है। बिरनी के छल्ट प्रतिभा कुमारी ने भी अपना विचार को रखते हुए कहा की जिसतरह से जंगल कट रहा है उस हिसाब से बीमारियों में बढोतरी हो रही है हम कह सकते है की पेड़ की कटाई वायुप्रदुषण को बढ़ावा देता है , हमसभी को सपथ लेने की जरुरत है की हराभरा पेड़ पोधा को कभी नस्ट नहीं करे द्य इस कार्यक्रम में संतोष साव,रामू जिबलाल,दामोदर ,राहुल के साथ साथ सेकड़ो ग्रामीण उपस्थित हुए

## हाथियों ने मचाया उत्पात दहशत में जी रहे हैं ग्रामीण

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी में दिनों दिन हाथियों ने मचा रहा है उत्पाद जी रहे है लोगो दहशत में बता दे की बिरनी प्रखंड के अंतर्गत बंगराकला पंचायत में बीते रात हाथियों ने बंगरा कला विद्यालय में उत्पात मचाया ।जिस कमरे में चावल रखा हुआ था वँहा के खिड़की और दरवाजा भी तोड़ दिए जिसके जानकारी मिलते ही मुखिया सावित्री देवी पहुँची ओर वनकर्मी को फोन पर वार्तालाप कर जानकारी दिया वही सूचना मिलते ही वनकर्मी घटना स्थल पर कर जाँच प्रतल करके वनकर्मी ने आश्वासन दिए जो भी नुकसान हुआ है मुआवजा दिया जाएगा और हर संभव मदद किया जाएगा

## एसपी ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस, पिकअप चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

### चार युवकों ने बंदूक की नोक पर लूटपाट की घटना को दिया था अंजाम,

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




बीते 30 मई को चौपारण प्रखण्ड के दनुवा घाटी स्थित हथिया बाबा के समीप मध्य रात्रि के आ. सपास अज्ञात अपराधियों ने एक पिकअप वाहन संख्या श्रभ10ब्क 0542 को लूट लिया। पिकअप वाहन कुरियर का सामान लेकर धनबाद से पटना जा रहा था । तभी अज्ञात अपराधियों ने हथिया बाबा के पास बंदूक की नोक पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। उक्त बातों की जानकारी देते हुए एसपी मनोज रतन चौथे ने बताया कि चौपारण थाना कांड संख्या 144/22 के तहत मामला दर्ज करते हुए बरही डीएसपी के अगुवाई में टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया। टीम को सफलता मिला और चोरी की गई पिकअप वाहन बरामद किया व बिहार के भिन्न भिन्न इलाको से चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर गिरोह के चार युवकों को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार युवकों में विक्रम कुमार पिता रौशन गुप्ता उम्र 23 वर्ष मोहनपुर बिहार एवं अजय कुमार सिंह पिता भरत सिंह बिहार जो आर्म्स एस्ट में जेल जा चुके है वही राजा कुरैसी उर्फ सरफराज कुरैशी पिता शौकत कुरैशी उम्र 22 वर्ष हंटरगंज, चतरा मवेशी तस्करी मामले में जेल जा चुका है। एहसान अहमद उम्र 20 वर्ष पिता जमीरुद्दीन अंसारी, हण्टरगंज चतरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों का खोज बिन जारी है। प्रेस क०न्फ्रेंस में बरही डीएसपी नाजीर अख्तर, सर्किल इंस. पेक्टर रोहित सिंह, चौपारण थाना प्रभारी स्वपन महतो, व एसआई अरविंद हेरेंज उपस्थित थे।

## सुरक्षित बचपन – सुरक्षित पर्यावरण के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन एवं वन विभाग गावां ( गिरिडीह) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत बाल मित्र ग्राम परसौनी स्थित बिरहोर टोला और उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर परसौनी में कुल 11 फलदार वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण की अपील की। वन परिसर पदाधिकारी संजय कांत यादव ने कहा कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा गावां के सभी बाल मित्र ग्रामों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ – साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। वन विभाग की टीम पर्यावरण संरक्षण को लेकर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के साथ आगे भी काम करती रहेगी। बादीडीह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अशोक प्रसाद यादव ने कहा कि, वास्तविक रुप से मानव जीवन के अस्तित्व को बचाने के लिये वृक्षारोपण अभियान में समाज के हर वर्ग को आगे आने की जरूरत है। पेड़ लगाना जितना जरूरी है,उससे कहीं ज्यादा जरूरी है जंगल की कटाई को रो. कना। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन एवं वन विभाग की इस पहल का मैं स्वागत करता हूं। पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित संगोष्ठी को बादीडीह पंचायत की मुखिया मुन्नी कुमारी एवं समाजसेवी विजय यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान उप. स्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतू सामूहिक संकल्प भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन युवा मंडल अध्यक्ष रामविलास सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के बाल अधिकार कार्यकर्ता प्रीति कुमारी, सुरेन्द्र सिंह,कृष्णा पा. सवान,अमित कुमार,भीम चौधरी, शिवशक्ति कुमार,श्रीराम, कुमार,विक्कू कुमार,वेंकटेश् प्रजापति, सतीश मिस्त्री, पंकज कुमार,नीरज कुमार,दिनेश कुमार दास ,रामविलास सिंह,राजेन्द्र रविदास,कारु राय ,वकील सिंह ,गुड़िया देवी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही।

## किसानों के लिए निर्मित राज्य संपोषित समुदाय प्रबंधित सूक्ष्म सिंचाई योजना के नाम पर जम कर हुई लूट

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह भाकपा माले ने ग्रामीण विकास विभाग के तहत श्जेएसपीएलश द्वारा निर्मित राज्य संपोषित समुदाय प्रबंधित सूक्ष्म सिंचाई योजना के नाम पर लाखों खर्च के बावजूद किसानों को किसी तरह का कोई फायदा नहीं होने तथा इसके नाम पर खर्च की गई राशि को लूट लिए जाने का आरोप लगाया है। भाकपा माले नेता राजेश यादव ने बेंगाबाद प्रखंड के चरकापत्थर में ऐसी ही एक योजना का निरीक्षण करने के बाद उक्त बातें कहीं तथा इलाके में इस तरह की कई अन्य योजनाओं का भी लगभग यही हाल रहने के कारण इन योजनाओं की उच्च स्तरीय जांच तथा दोषियों पर कार्रवाई के साथ–साथ किसानों के लिए सिंचाई की समुचित व्यवस्था करने की भी मांग की है। माले नेता ने इस बाबत स्थानीय लोगों से भी मुलाकात कर आवश्यक जानकारी हासिल करने के बाद कहा कि, किसान हितों को सामने रखकर इस तरह की प्रत्येक योजना के नाम पर लाखों खर्च कर दिए गए। योजना में प्रयुक्त सामग्री बेहद ही घटिया किस्म की है। योजना राशि को लेकर कोई बोर्ड तक योजना स्थल पर नहीं गया है। सिंचाई के लिए गाड़े गए पाइप बेहद ही पतले और कमजोर हैं। सिर्फ शुरुआत में मोटर लगाकर पानी सप्लाई करके दिखाने के बाद से पानी सप्लाई और सिंचाई तो दूर, पंप हाउस से मोटर तक गायब हो चुका है। जमीन के ऊपर लगे सप्लाई पाइप भी फट चुके हैं। इससे किसानों में काफी आक्रोश है। भाकपा माले ने इस सवाल पर किसानों को गोलबंद करने का भी ऐलान किया है। मौके पर कमरुद्दीन अंसारी, फोदार सिंह, प्रदीप यादव, अखिलेश राज, धनंजय यादव आदि थे।

## थ्रिवेणी सैनिक ने पर्यावरण दिवस के मौके पर 500 पौधे लगाए

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एनटीपीसी कोल माइंस पकरी बरवाडीह के अधीनस्थ कार्य कर रही थ्रिवेणी सैनिक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाई गई। थ्रिवेणी सैनिक प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट तारकेश्वर साही के नेतृत्व में बैचिंग प्लांट एवं अन्य स्थानों पर लगभग 500 पौधे लगाए गए। वाइस प्रेसिडेंट तारकेश्वर शाही ने कहा कि हमें जीवन को बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाना अति आवश्यक है। पर्यावरण से ही हमें मजबूती मिलती है। मौके पर थ्रिवेणी सैनिक प्राइवेट लिमिटेड के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## निर्वाचित जनप्रतिनिधियों संग हरियाली दूत दिनेश ने गोविंदपुर में किया पौधारोपण

### जीवन का आधार है पेड़ – पौधा, एक पौधा जरूर लगावें : दशरथ यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



हरियाली दूत के नाम से मशहूर डुमरी निवासी दिनेश साव अपने नाम के अनुरूप हरेक वर्ष सैकड़ो पौधा निःशुल्क बाँट कर लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरूक करते है। इसी कड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोविंदपुर पंचायत भवन परिसर के समीप नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के उपस्थित में दर्जनों पौधरोपण किया गया। इस दौरान मुख्यरूप से समा. जसेवी भुनेश्वर यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि सुधीर कौशल, मुखिया प्रतिनिधि दसरथ यादव, पंचायत समिति सदस्य अशोक यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, प्रखण्ड उपाध्यक्ष संतोष रजक, समाजसेवी सुखदेव ठाकुर, नकुल रजक, युवा नेता राहुल गुप्ता, सुरेंद्र साव, सुनील यादव, संजय यादव, रामधनी यादव सहित अन्य लोगों ने एक एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का जिम्मेवारी लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी भुनेश्वर यादव ने हरियाली दूत दिनेश साव की सराहना करते हुए कहा की इनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम होगा कि हमारा क्षेत्र हरा भरा होगा। मुखिया प्रतिनिधि दशरथ यादव ने कहा कि पंचायत के प्रत्येक गांवों में अभियान चलाकर पौधारोपण किया जाएगा। कहा जीवन का आधार है पेड़ पौधा इसलिए हम सबको एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। हरियाली दूत दिनेश साव ने कहा कि पौधारोपण के प्रति हम लोगों को जागरूक करते है ताकि अधिक से अधिक पौधा लग सके और हमारा पर्यावरण हरा भरा रहे।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड में बंगला ईंट ने लिया कुटीर उद्योग का रूप

### सरकार को प्रतिवर्ष लाखों करोड़ों का लगा रहे हैं बंगला ईट ब्यवसाई चुना

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी प्रखंड में इन दिनों बांग्ला इट का व्यवसाय कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है। और यह कुटीर उद्योग वगैर सरकारी अनुमति एवं बगैर कोई निबंधन के ही संचालित हो रहे हैं।कान्हाचट्टी प्रखंड में 10 पंचायत है और 10 पंचायतों में लगभग 200 से ज्यादा बांग्ला इटा का भट्टे संचालित हो रहे हैं। और मजे की बात यह है कि यह बंगला इट के व्यवसाय सरकार को भी लाखों करोड़ों की प्रति वर्ष चुना लगा रहे हैं। यह बांग्ला ईट के व्यवसाय बिना कोई कागजात वाले कोयले से ईट को पका कर लाल कर रहे हैं। बताते चलें कि प्रतिदिन बंगला ईंट के भट्टेदार मोटरसाइकिल से कोयला ढोलवा कर बगैर कोई कागज और बगैर चलान वाले कोयला लेकर ईट भट्ठा लगा रहे हैं। और सरकार को मिलने वाली राजस्व सरकार को नहीं हो पा रहा है। इधर बा. ंग्ला ईंट के व्यवसाई मालामाल हो रहे हैं और चतरा के खनन विभाग कंगाली की ओर है।अब तक खनन विभाग चतरा की ओर से इन बांग्ला ईट के भट्टेदार पर किसी तरह का कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। कान्हाचट्टी प्रखंड के ग्रामीणों ने उपायुक्त से उक्त बांग्ला भट्ठे पर कार. ंवाई करते हुए उन पर लगाम लगाने का आग्रह किया है। कान्हाचट्टी प्रखंड के नदी के किनारे भी एक बंगला ईंट का भट्ठा है यह बगैर कोई कागज का ही संचालित हो रहा है ।यह बंगला ईंट लगाकर पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं।बताते चलें की प्रखंड में ऐसे-ऐसे बांग्ला ईटा के व्यवसाई हैं जो 1 वर्ष में 15 से 20 लाख ईटा बनवा कर बेचते हैं लेकिन सरकार को एक फूटी कौड़ी भी टैक्स नसीब नहीं होती है।

## गौरवान्वित : बड़कागाँव में पहली बार शिक्षक व पत्रकार सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**





बड़कागांव प्रखंड के गुरुदयाल महतो बालिका उच्च विद्यालय बड़कागांव की सभागार भवन में शिक्षक सह पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन प०लिटिकल साइंस स्कैनर के लेखक बिपिन कुमार, विद्यासागर प्लस टू उच्च विद्यालय की सचिव रामचरित्र प्रसाद, व जे पी एस मेमोरियल प्राइवेट आ. ईटीआई के निदेशक विजय प्रजापति के प्रयास से किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रामचरित्र प्रसाद व संचालन लेखक बिपिन कुमार व शिक्षक दीपेंद्र कुमार ने की।इस कार्यक्रम का आगाज सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को श०ल ओढ़ाकर स्वागत व सम्मान देकर किया गया । तत्पश्चात विद्यासागर उच्च विद्यालय के सचिव रामचरित्र प्रसाद के द्वारा अपने माता के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात कार्यक्रम शुरू किया गया। बारी-बारी से सभी अतिथियों ने अपने विचार रखे । यह कार्यक्रम प०लिटिकल साइंस के स्कैनर के लेखक विपिन कुमार के द्वारा लिखी गई पुस्तक पॉलिटिकल साइंस स्कैनर के 1 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 170 शिक्षक एवं 30 पत्रकारों को श०ल एवं प्रश. स्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस शिक्षक सह पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुबोध सिंह शिवगीत , प्रोफेसर डॉक्टर खेमलाल महतो, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ बालेश्वर राम, गुरुकुल कोचिंग संस्थान के निदेशक जेपी जैन, रूप में उपस्थित थे। वही अतिथि में वरिष्ठ पत्रकार अनवर फिद्वी, रिटायर्ड डिप्टी लेबर कमिश्नर शाहनवाज अहमद खान, प्रोफेसर ड०क्टर जफरुल्लाह सादिक, अधिवक्ता जगत नारायण मेहता, नेशनल ला. इब्रेरी के निदेशक सुरेश सर, एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ.सरोज रंजन, समाजसेवी गिन्नी वर्मा, प्राचार्य देव रंजन कुमार, शिक्षक रंजीत कुमार, स्क०लर उदय मेहता, प्रोफेसर संतोष रविदास, सभी अतिथियों के द्वारा शिक्षक सह पत्रकार सम्मान समारोह के आयोजनकर्ता बिपिन कुमार, रामचरित्र प्रसाद व विजय प्रजापति को भूरी भूरी प्रशंसा सहृदय धन्यवाद दिया । कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करना बहुत ही बड़ी बात है आज तक इस तरह का आयोजन बड़कागांव में नहीं हुआ था। सभा में उपस्थित शिक्षक व पत्रकार सम्मान पाकर गौरवान्वित हुए।कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विजय प्रजा. पति ने की।












डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार